**विधान परिषद् के द्वितीय सत्र-2022 के प्रथम शुक्रवार के लिए निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-16 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 16 (क) क्या जल शक्ति मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सोनभद्र में डी0एम0एफ0 मद से जल निगम (ग्रामीण) की देख रेख में निर्माणाधीन अनपरा व कुलडोमरी समूह पेयजल योजना को कुल कितना बजट आवंटित किया गया व आवंटित मद से कुल कितने कि0मी0 पेयजल वितरण पाईप लाईन बिछाना प्रस्तावित था व कुल कितने मकानों को पेयजल कनेक्शन दिया जाना प्रस्तावित था ? | जनपद सोनभद्र में जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास (डी0एम0एफ0) कार्यक्रम के अन्तर्गत अनपरा व कुलडोमरी पेयजल योजना का निर्माण कार्य निम्नलिखित विवरण के अनुसार कराया गया है -<br>1- अनपरा ग्राम समूह पेयजल योजना-<br>उक्त योजना की स्वीकृत लागत रू0 4519.36 लाख है। योजनान्तर्गत 56.456 किमी0 वितरण प्रणाली के कार्य तथा 4035 हाउस कनेक्शन प्रस्तावित है।<br>2- कुलडोमरी ग्राम पेयजल योजना-<br>उक्त योजना की स्वीकृत लागत रू0 5293.14 लाख है। योजनान्तर्गत 78.865 किमी0 वितरण प्रणाली के कार्य तथा 4815 हाउस कनेक्शन के प्रस्तावित है। |
| (ख) क्या निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है ? | उक्त योजनाओं के अन्तर्गत कतिपय कार्य पूर्ण हो चुके हैं, अवशेष कार्य कराया जाना लक्षित है। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | उपरोक्तानुसार। |

स्वतंत्र देव सिंह
मंत्री
जल शक्ति,
(सिंचाई एवं जल संसाधन, सिंचाई (यांत्रिक), बाढ़ नियंत्रण, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लघु सिंचाई एवं परती भूमि विकास विभाग)।